www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , रविवार,5 अक्टूबर 2025

सुविचार



जीवन में दो ही व्यक्ति असफल होते हैं- एक वे जो सोचते हैं पर करते नहीं, दूसरे जो करते हैं पर सोचते नहीं। - आचार्य श्रीराम शर्मा

बरेली के प्रमुख समाचार

- नफीस के बाद अब सात और उपद्रवियों का खुला कार्ड-II
- व्यापारियों को जीएसटी स्लैब में हुए बदलाव के फायदे बताए-III
- दीक्षांत समारोह: 427 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां, 59 को सर्टिफिकेट -IV

# चार घंटे गरजे चार बुलडोजर, बरातघर 70 फीसदी हुआ ध्वस्त

## नफीस का अवैध बरातघर आज पूरी तरह हो जाएगा जमींदोज, ध्वस्तीकरण के दौरान आसपास गलियों में आवाजाही रोकी, बाजार भी कराया बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली बवाल के मुख्य आरोपी आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां के बेहद करीबी डॉ. नफीस के अवैध बरातघर पर बीडीए के चार बुलडोजर करीब चार घंटे तक लगातार गरजे। इस दौरान बरातघर का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा ध्वस्त कर दिया गया। बीडीए की टीम बरातघर को जमींदोज करने के लिए रविवार को बचे भवन को ध्वस्त करेगी।

मोहल्ला जखीरा स्थित वक्फ की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए डॉ. नफीस के अवैध बरातघर पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू करने से पहले आसपास की गलियों में आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गयी और फोर्स तैनात कर दी गई। आसपास का बाजार भी बंद करा दिया। इसके साथ ही छतों से पुलिस कर्मियों ने निगरानी शुरू की। इसके बाद बीडीए की टीम ने दोपहर करीब 3 बजे बरातघर पर बुलडोजर चलाना शुरू किया। एकाएक चार बुलडोजरों के बरातघर के भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू होते ही आसपास मकानों में रहने वाले लोगों में खलबली मच गई। बुलडोजरों ने देर शाम करीब 7 बजे तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। करीब 70 प्रतिशत भवन ध्वस्त करने के बाद अब रविवार को बुलडोजर चलेगा।

बीडीए की टीम ने बरातघर की बिजली कटवाकर कार्रवाई शुरू की। इससे आसपास के मोहल्ले की भी बिजली गुल हो गई। करीब 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैले बरातघर को एक साल से संचालित किया जा रहा था। इसमें दो बड़े हॉल अंदर बने हुए थे। टीम ने पहले बरात घर का मुख्य गेट ध्वस्त किया। फिर चार बुलडोजरों ने बरात घर में लगे शीशे के दरवाजे तोड़े। इसके बाद हाल, कमरे और दीवारें ध्वस्त करना शुरू किया। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रहे। इस मौके पर बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह, अवर अभियंता संदीप कुमार, अजीत साहनी, सीताराम, सुरेन्द्र द्विवेदी व सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, गजेन्द्र कुमार शर्मा, मनोज कुमार सिंह समेत प्रवर्तन दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

- **दोपहर में बीडीए की टीम चार बुलडोजर लेकर पहुंची, देर शाम 7 बजे तक चली ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**



जखीरा में बवाल के आरोपी नफीस के अवैध बरातघर को ध्वस्त करते बीडीए के बुलडोजर। ● अमृत विचार

### हथौड़े से तोड़ा मुतावल्ली का कार्यालय

डॉ. नफीस के इस बरात घर के बाहर शोएब बेग के नाम का बोर्ड लगा हुआ था, जिस पर नाम के नीचे मुतावल्ली भी लिखा हुआ था। कार्रवाई के दौरान यहां कोई मौजूद नहीं मिला। मुख्य द्वार के पास बने कार्यालय को भी बीडीए की टीम ने हथौड़े से तोड़ दिया।





मुतावल्ली के कार्यालय को हथौड़े से तोड़ते बीडीए के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### एक साथ तीन बवालियों पर बड़ी कार्रवाई से मची खलबली

मौलाना तौकीर और उनके करीबी आरोपियों की अचल संपत्तियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू होने से अन्य आरोपियों में खलबली मच गयी है। एक तरफ पुलिस ढूंढ़-ढूंढ़कर बवालियों को गिरफ्तार कर रही है। वहीं प्रशासन, पुलिस, बीडीए और नगर निगम तौकीर रजा के करीबियों पर शिकंजा कस रहे हैं। अवैध निर्माणों पर हो रही कार्रवाई से वे लोग डरे हुए हैं जिनकी संपत्तियां पहले से चिह्नित कर ली गयी हैं।

### गलियां सुनसान, छतों से देखी पल-पल की कार्रवाई



बरात घर को ध्वस्त करने के लिए प्रशासनिक अमला दोपहर 12 बजे से ही जखीरा मोहल्ले में जुटना आरंभ हो गया था। गलियों के बंद होने की वजह से स्थानीय लोगों ने अपने घरों की छतों से पल-पल की कार्रवाई देखी। कुछ लोग मोबाइल से वीडियो भी बनाते नजर आए। बीडीए की टीम के जाने के बाद रात 8 बजे के बाद गलियों में आवागमन आरंभ हुआ।





पुलिस फोर्स के साथ मौजूद एसपी सिटी मानुष पारीक और छतों पर तैनात फोर्स। ● अमृत विचार

> शहर में बीडीए के मानकों की अनदेखी कर कराए गए निर्माणों पर कार्रवाई की जा रही है। कुछ अन्य निर्माणों की भी सूची तैयार की गई है। लोगों से अपील है कि कोई निर्माण कराने से पूर्व बीडीए से अनुमति अवश्य लें।
> **– मनिकंडन ए उपाध्यक्ष,** बीडीए




डॉ. नफीस का क्लीनिक सील करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

### पहले तोड़ा ताला, चेकिंग के बाद फरहत का घर सील

शहर में हुए बवाल के बाद मौलाना तौकीर ने फाइक एन्क्लेव में फरहत के घर में शरण ली थी। इस मामले में फरहत की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं चार दिन पहले बीडीए की टीम ने फरहत का घर खाली करने को नोटिस जारी किया था। शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे बीडीए की टीम ने आवास को सील कर दिया। बीडीए की टीम जब पहुंची तो घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। बीडीए की टीम ने ताला तोड़कर घर की चेकिंग की तो यहां कोई मौजूद नहीं था। इसके बाद आवास की बिजली सप्लाई को बंद कराया गया और प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में आवास को सील कर दिया गया। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के साथ ही बीडीए की प्रवर्तन टीम मौजूद रही।



## सिटी ब्रीफ

### 14 तक होगा पीएम आवास सर्वे, खुला पोर्टल

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस सर्वे 2024 में नए पात्रों का डाटा एकत्र करने के लिए पोर्टल 10 दिन के खोल दिया है। यानी 14 अक्टूबर तक पात्र परिवारों का सर्वे कर्मी करेंगे। पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जुलाई में सर्वे पोर्टल को शासन की ओर से बंद कर दिया गया था। अब दोबारा पोर्टल 10 दिनों के लिए खोला गया है। बताया कि उक्त तिथि तक सभी ग्राम पंचायतों में तैनात सर्वेयर को सर्वे कराने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खंड विकास अधिकारियों से वार्ता कर निर्देशित किया गया है। योजना में कोई पात्र परिवार आवास के लाभ से वंचित न रहे। पात्रों से अपील की है वे 14 अक्टूबर तक सर्वे अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें।

### वाल्मीकि जयंती पर 7 को रहेगा अवकाश

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 7 अक्टूबर को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। अवकाश रखने का निर्णय शासन स्तर से लिया गया है।

### आईडीए कैंट का हुआ गठन , आज शपथ ग्रहण

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की अतिरिक्त शाखा कैंट का गठन हुआ। इसकी जानकारी शनिवार को रामपुर गार्डन स्थित निजी डेंटल क्लीनिक पर प्रेसवार्ता में डॉ. दिनेश राय ने दी। उन्होंने बताया कि कैंट एसोसिएशन में 40 से अधिक दंत रोग विशेषज्ञ सदस्य शामिल हैं। 5 अक्टूबर को संस्था के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा जिसमें आईडीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में डॉ. रूचिर, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. वैभव, डॉ. ईला अरोरा मौजूद रहे।

### संसदीय अध्ययन समिति की 16 को बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति सभापति किरण पाल कश्यप की अध्यक्षता में बरेली भ्रमण पर 15 अक्टूबर की देर शाम आएगी। समिति 16 अक्टूबर को बरेली एवं बदायूं के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी और इसके बाद पीलीभीत के लिए रवाना हो जाएगी। समिति में सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या 20 होगी। समिति बैठक में वर्तमान सरकार के गठन के बाद से अब तक सांसदों एवं विधान मंडल के सदस्यों की ओर से सरकार एवं शासन व प्रदेश के जिलों को भेजे पत्रों पर की गई कार्रवाई पर चर्चा करेगी। संसदीय शिष्टाचार, पत्राचार कार्यान्वयन प्रभाग की स्थापना के बाद से अब तक जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर कार्रवाई के बारे में पूछेगी। वर्तमान सरकार के गठन के बाद से अब तक अलग-अलग विभागों को जनप्रतिनिधियों के कितने पत्र प्राप्त हुए, उनका निस्तारण कब-कब किया, इसकी जानकारी करेगी।

### दो दरोगा और 12 सिपाही किए बहाल

**बरेली, अमृत विचार :** काम में लापरवाही, कोर्ट संबंधी कार्यों में दिलचस्पी न लेने सहित अन्य आरोपों में निलंबित किए गए दो दरोगा और 12 सिपाहियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार रात बहाल कर दिया। दरोगा रामौतार, महेशचंद्र, कांस्टेबल मोहित कुमार, हिमांशु, अमित कुमार, जसवीर सिंह, वीरेश कुमार, मोहित, मनोज कुमार, अंकित गुप्ता, आशीष कुमार, विक्रांत आर्य, देवेश कुमार और धर्मेंद्र सिंह का निलंबन वापस लिया गया।


## नदीम खां की चार अवैध दुकानों को खाली कराकर किया सील

मौलाना तौकीर रजा की आईएमसी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष और बवाल के आरोपी नदीम खां की चार दुकानें भी बीडीए की रडार पर शनिवार को आ गईं। नौमहला मस्जिद के पास बनीं चार अवैध दुकानों को बीडीए ने सील कर दिया। बीडीए अफसरों के अनुसार 2021 में नदीम खां ने इन दुकानों का निर्माण कराया था। फिर कुछ दिन के बाद ही इन दुकानों को 50 लाख रुपये की रकम में किसी और को बेच दिया। शनिवार को जब बीडीए की टीम वहां पहुंची तो उनमें दो दुकानें खुली मिलीं। इस पर दुकानदारों ने टीम से सामान निकालने की अनुमति मांगी लेकिन टीम ने नहीं दी। दुकानदारों ने इसका विरोध कर कहा कि पूर्व में भी कोई सूचना नहीं दी गई। बीडीए ने नक्शा स्वीकृति समेत अन्य दस्तावेज मांगे, लेकिन दुकानदार नहीं दिखा सकें, इस पर टीम ने दुकानों को सील कर दिया।



## सैलानी पर अतिक्रमण हटाने पहुंचा बुलडोजर तो दहशत में आए दुकानदार

**बरेली, अमृत विचार :** मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र सैलानी में शनिवार दोपहर को जब नगर निगम की टीम बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स और बुलडोजर के साथ पहुंची तो दुकानदार दहशत में आ गए। आनन-फानन में कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। टीम ने दुकानों के आगे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि कई बार नोटिस देने के बाद दुकानों के आगे से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसकी वजह से यह कार्रवाई की गई है। दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया, हालांकि यहां केवल दुकानों के आगे का अतिक्रमण हटाया गया। लोगों ने अपनी दुकानों को काफी आगे बढ़ाकर अतिक्रमण किया था। करीब 15 दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटाया गया। टीम ने दुकानदारों को चेतावनी देकर कहा है कि अगर अब सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किया तो आगे भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।




## आज और कल बारिश का येलो अलर्ट, तेज हवाएं भी चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मौसम विभाग ने जिले में रविवार और सोमवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बीते 24 घंटों में जिले में तीन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं हवा में नमी की मात्रा सुबह के समय 68 प्रतिशत और शाम को 92 प्रतिशत रही, जिससे उमस और हल्की ठंडक दोनों का मिश्रित असर महसूस किया गया।

- **अधिकतम तापमान 32.1 और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज**

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दो दिनों के लिए बारिश का येलो अलर्ट है। रविवार और सोमवार को हल्की से मध्यम बारिश के साथ कहीं-कहीं तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं। सोमवार को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान गिरकर 30 से 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

## जिले में 45 घंटे बाद बहाल हुई इंटरनेट सेवा, लोगों को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर के तनावपूर्ण हालात को देखते हुए शासन ने जिले में दूसरी बार गुरुवार दोपहर से शनिवार दोपहर तक 48 घंटे तक इंटरनेट सेवा को बंद करने का आदेश दिया था। इसके बाद कारोबार से लेकर रेल और बस यात्रा पर भी असर पड़ा था। शनिवार दोपहर 45 घंटे बाद जब इंटरनेट सेवा बहाल हुई तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

शहर में 26 सितंबर को बवाल के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया था। जिसके बाद अगले दिन 27 सितंबर को 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं थी। फिर 24 घंटे के लिए दोबारा इसकी अवधि को बढ़ा दिया गया। जैसे-तैसे इंटरनेट बहाल हुआ था तो फिर गुरुवार को दशहरा और शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते किसी भी प्रकार को भड़काऊ मेसेज के वायरल होने से रोकने के लिए 48 घंटे इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई थी। यह पाबंदी गुरुवार दोपहर 3 बजे से शनिवार दोपहर 3 बजे तक के लिए थी, लेकिन शनिवार दोपहर को ही अधिकतर लोगों की मोबाइल पर इंटरनेट सेवा बहाल होने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली।

- **शासन के निर्देश पर गुरुवार दोपहर में दोबारा बंद कर दी गई थी सेवा**

### इंटरनेट सेवा फिर बंद होने का फर्जी पत्र हुआ वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार देर शाम सोशल मीडिया पर गृह सचिव गौरव दयाल की ओर से पूर्व में जारी किए गए पत्र की तरह हूबहू फर्जी पत्र वायरल हुआ। उसमें 5 अक्टूबर से इंटरनेट सेवा बंद होने की बात लिखी थी। पत्र को देखकर वैसे लोग उसे फर्जी समझ रहे थे। उसके बाद भी सत्यता की जानकारी की गयी। वायरल पत्र डीएम अविनाश सिंह को व्हाट्सएप पर भेजा गया, तब डीएम ने बताया कि यह पत्र फर्जी है।

## प्रदीप कुमार सिंह जिला जज नियुक्त न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उच्च न्यायालय ने अधिसूचना जारी कर न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। जिला जज सुधीर कुमार का तबादला फतेहपुर किया गया है। वहीं उनकी जगह हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के सीनियर रजिस्ट्रार प्रदीप कुमार सिंह को बरेली का नया जिला जज नियुक्त किया गया है। बरेली से प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय चन्द्र प्रकाश तिवारी को पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण वाराणसी, मो. अशरफ अंसारी को कानपुर से यहां प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय नियुक्त किया है। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्षितिज श्रीवास्तव को पीठासीन अधिकारी कामर्शियल कोर्ट मेरठ, मऊ में एडीजे प्रीति सिंह को पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वाराणसी, एडीजे गगन कुमार भारती को एडीजे बंडा, कुमार गौरव को स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट देवरिया, एडीजे तबरेज अहमद को स्पेशल जज एंटी करप्शन नियुक्त किया गया है।



प्रदीप कुमार।

## आला हजरत एक्सप्रेस के कोच में भरा पानी, यात्री हुए परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन से रवाना हुई आला हजरत एक्सप्रेस के एक कोच में शनिवार को अचानक पानी भर गया। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन के चलने के कुछ ही देर बाद यात्रियों ने देखा कि कोच की फर्श पर पानी फैलने लगा है। देखते ही देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि यात्रियों को सामान बचाने में मुश्किल होने लगी। यात्रियों ने रेल मदद पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

यात्री अनुज चौहान ने कोच में पानी भरने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए शिकायत की, जिसके बाद रेलवे अफसरों में हड़कंप मच गया। शिकायत मिलते ही रेलवे ने संबंधित कर्मचारियों को अलर्ट किया और अगले स्टेशन पर सफाई कर्मियों को लगाकर स्थिति को नियंत्रित कराया गया। यात्रियों का कहना था कि त्योहारों के सीजन में ट्रेनें भीड़ से भरी रहती हैं। ऐसे में कोच में पानी भरने जैसी समस्या से यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। वहीं, रेलवे अफसरों का कहना है कि तकनीकी कारणों से यह दिक्कत हुई थी, जिसकी जांच कराई जा रही है।

- **यात्रियों ने रेल मदद पोर्टल पर की शिकायत, वीडियो किया शेयर**

त्योहार

दिवाली पर घरों को सजाने के लिए पिंचू, झरना और लीफ झालर की सबसे ज्यादा मांग

## इलेक्ट्रानिक बाजार स्वदेशी झालरों से रोशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही इलेक्ट्रानिक बाजार ग्राहकों से जगमग हो रहा है। दुकानों पर स्वदेशी झालरों की जमकर बिक्री हो रही है। पिंचू, झरना और लीफ झालर की सबसे ज्यादा मांग है।

दुकानदारों के अनुसार पहले चाइनीज लाइटों की ज्यादा मांग रहती थी, मगर अब बाजार में भारतीय कंपनियों ने कम बिजली खर्च करने वाले सुंदर और टिकाऊ झालरें बाजार में उतार दी हैं। इस समय स्वदेशी झालरों की मांग है, क्योंकि ये लंबे समय तक चलने वाली हैं। ग्राहक भी इन झालरों को पसंद कर रहे हैं। बाजार में ज्यादातर माल स्वदेशी है। जिसे रुद्रपुर की कंपनी और दिल्ली की कंपनी से मंगाया गया है।



दुकान पर सजीं रंग-बिरंगी झालरें।

> स्वदेशी आइटम उपलब्ध हैं। झालरों की नई वैरायटी ग्राहकों को खूब पसंद आ रही है। इंटरनेट बंद होने से व्यापार पर असर पड़ा है। **-दीपक कपूर,** दुकानदार



> पिंचू झालर की सबसे ज्यादा मांग है, बाजार में पटाखे वाली झालरें भी हैं, जिसे लगाने पर पटाखे जैसी आवाज आती है। **-मेहराज,** दुकानदार



कुछ उत्पाद इलेक्ट्रॉनिक गुलदस्ते, झूमर आदि शहर के शहदाना में तैयार किए जाते हैं। झरना वाली झालर वाटरप्रूफ है। इसमें 10 लड़ी होती हैं, जिससे इसे ग्राहक को लगाने में सुविधा रहती है। लीफ झालर में फूल पत्तियां के साथ लाइटें लगी होती हैं, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

पिंचू झालर भी ग्राहकों को अपनी ओर खींच रही है। छोटी स्वदेशी झालरों की कीमत 100 से 180 रुपये तक है। हालांकि, झालर की लंबाई के हिसाब से उसकी कीमत बढ़ जाती है। शहर में पुराने रोडवेज के पास सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानें हैं। जहां ग्राहकों की आमद बढ़ गई है।

### पानी वाली मूर्ति और दीये ग्राहकों की पसंद

बाजार में पानी वाली मूर्ति और दीये ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे हैं। दुकानदार ने बताया कि इन उत्पादों में सेल पड़ा होता है और सेंसर लगे होते हैं, जिससे इनमें पानी डालते ही जल जाते हैं। मूर्तियों के सामने लगी लाइट ऐसी होती है, जैसे जैसे दीपक जल रहा हो। इनकी खास बात यह कि इन्हें बिजली की जरूरत नहीं है। इन्हें कहीं भी रख सकते हैं और 8 घंटे तक यह जलते रहते हैं।



> झालरों में तमाम डिजाइनें हैं, लेकिन मुख्य रूप से जरी लाइट, कंचा लाइट वाली झालर ग्राहकों को पसंद आ रही हैं। **-कोनेन खान,** दुकानदार



> मेरे पास स्वदेशी उत्पाद हैं, जिन्हें रुद्रपुर की कंपनी से मंगाया है। वाटरप्रूफ और 10 लड़ी वाली झालर की बिक्री खूब हो रही है। **-महेंद्र राणा,** दुकानदार



# गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306


# नफीस के बाद अब सात और उपद्रवियों का खुला कार्ड

## खुफिया विभाग की जांच पूरी होते ही खुलेगी सभी की फाइल, तौकीर और उनके करीबी नफीस की पहले ही खोली जा चुकी है फाइल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बवाल के मुख्य आरोपी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां और उनके करीबी डॉ. नफीस के बाद अब खुफिया विभाग ने नदीम खान समेत सात और उपद्रवियों का कार्ड खोल दिया है। सभी की कुंडली खंगालने के बाद फाइल खोली जाएगी। इसके बाद सातों उपद्रवी ताउम्र पुलिस की निगरानी में रहेंगे। जिले में किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में उन्हें पुलिस फौरन गिरफ्तार करती रहेगी।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर 26 सितंबर को नमाज के बाद शहर में बवाल हुआ था। योजना पूरे शहर को जलाने यानी दंगा कराने की थी। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ते हुए लाठी चार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया था। फायरिंग में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस मौलाना तौकीर रजा खां समेत 83 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौलाना तौकीर रजा खां पिछले कई साल से सक्रिय हैं। वह कई मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन कर बवाल कर चुके हैं। ऐसे में उनकी निगरानी पुलिस के साथ ही खुफिया विभाग भी करता है। तौकीर रजा खां का खुफिया विभाग ने काफी पहले कार्ड और फाइल खोल दी थी। अब उनके खास फर्जी डॉ. नफीस खान के बाद नदीम खान, अफजाल बेग, पार्षद अनीस सकलैनी, मीडिया प्रभारी मुनीर अहमद उर्फ मुनीर इदरीसी, अल्तमश रजा खां समेत मौलाना एहसान उल हक चतुर्वेदी का कार्ड खोला है। जल्द ही सभी की फाइल भी खोली जाएगी, जो पूरी उम्र खुली रहेगी। ऐसे में अगर जिले में कभी भी कानून-व्यवस्था खराब होने की स्थिति बनती है तो पुलिस उन्हें फौरन गिरफ्तार करेगी। जबकि नदीम खां समेत उनके सैकड़ों करीबियों की खुफिया विभाग कुंडली खंगाल रहा है, जल्द ही उन सभी का भी कार्ड और फाइल खोली जाएगी।


अहसानुल हक।


अनीस सक्लेनी।


मुनीर इदरीसी।


नदीम खान।


अफजाल बेग।


अल्तमस।

- ताउम्र पुलिस की निगरानी में रहेंगे ये सभी उपद्रवी, कई गए जेल

खुफिया विभाग उन लोगों का कार्ड और फाइल खोलता है, जो कम से कम पांच साल से सक्रिय हों। इतना ही नहीं सरकार के फैसले को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर बवाल कराने की साजिश करते रहे हों। खुफिया विभाग पहले कार्ड खोलते हुए एसएसपी को रिपोर्ट भेजता है और उसके बाद भी सुधार नहीं दिखने पर उनकी फाइल खोलने की रिपोर्ट तैयार कर एसएसपी को भेजता है। उसके बाद मुख्यालय भी उस रिपोर्ट को भेजा जाता है। फाइल खुलने के बाद जब-तक वह व्यक्ति जिंदा रहता है। किसी भी संदिग्ध या बवाल होने की स्थिति में सबसे पहले पुलिस उसे गिरफ्तार करती है।

### फरार उपद्रवियों पर जल्द घोषित किया जाएगा इनाम, पुलिस ने शुरू की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद पुलिस पर पथराव और फायरिंग करने वाले उपद्रवियों पर जल्द इनाम घोषित किया जाएगा। इसकी तैयारी भी पुलिस ने शुरू कर दी है। बवाल मामले में पुलिस ने शहर के अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस अब तक मौलाना तौकीर रजा समेत 83 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस की कार्रवाई से उपद्रवियों में पूरी तरह से दहशत का माहौल है। बवाल मामले में फरार चल रहे उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिशें दे रही हैं। पुलिस ने अब तक मौलाना और उनके करीबियों समेत 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जबकि अभी ढाई हजार से अधिक उपद्रवी फरार चल रहे हैं। कुछ के घरों पर ताला लगा है तो कई अपना फोन बंद कर बैठे हैं। ऐसे में इन फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अब पुलिस इनाम घोषित करेगी। इसकी तैयारी भी पुलिस ने शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन सभी पर इनाम घोषित कर दिया जाएगा।

### फरार उपद्रवियों का जारी कराया जाएगा वारंट

पथराव कर फायरिंग कराने और भीड़ जुटाने में भूमिका निभाने वाले उपद्रवियों पर का कोर्ट से वारंट भी जारी कराने में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने उपद्रवियों को चिह्नित करने का काम भी तेज कर दिया है। इन सभी उपद्रवियों की जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस दूसरे जिले की पुलिस से भी लगातार संपर्क में है ताकि वहां पर शरण लिए हुए उपद्रवियों की गिरफ्तारी आसानी से की जा सके।

### आईएमसी के नाम से सोशल मीडिया पर बनाए सभी व्हाट्सएप ग्रुप हटाए

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी के नाम से सोशल मीडिया पर चल रहे सभी ग्रुपों को हटा दिया गया है। कई साल पहले आईएमसी में रहे नेता अभी व्हाट्सएप और फेसबुक पर आईएमसी नाम से ग्रुप चला रहे थे। बवाल के बाद मौलाना के करीबियों पर जब पुलिस ने शिकंजा कसा तो ग्रुप डिलीट करने के साथ ग्रुप के नाम बदले जा रहे हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया अकाउंट पर जो पुरानी पोस्ट तौकीर रजा खां के साथ पड़ी थीं, उन्हें भी हटा रहे हैं। शहर में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद बवाल में पुलिस ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को मास्टरमाइंड बनाया है। मौलाना तौकीर रजा खां के खास लोगों पर अब पुलिस कार्रवाई करके जेल भेज रही है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया अकाउंट में बदलाव किए जा रहे हैं।

## तीन माह में टूटा प्रेम विवाह, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेम विवाह करने के बाद प्रेमी जोड़े के बीच कुछ ही दिन में तकरार होने लगी और तीन महीने में ही विवाह टूट गया। युवती ने पति, सास-ससुर और दादा ससुर के खिलाफ प्रताड़ित करने और पीटकर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शांति विहार निवासी सारिका मिश्रा ने बताया कि उन्होंने तीन महीने पहले बिथरी चैनपुर क्षेत्र के भगवतीपुर निवासी सरबन पटेल से कोर्ट में प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ दिन बाद भी ससुराली उनको मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। 1 अक्टूबर को पति सरबन, सास आलोका देवी, ससुर राम सरन पटेल ने उनको पीटकर घर से निकाल दिया।

## बरेली को संभल बनाना चाहती है सपा: शहाबुद्दीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी बरेली आने की फिराक में हैं। उन्हें पुलिस नजरबंद कर रही है। शनिवार को सपा नेताओं को पुलिस ने नजर बंद कर दिया। सपा पदाधिकारियों के इस रवैये को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि सपा बरेली को संभल बनाना चाहती है, लिहाजा जनता और प्रशासन होशियार रहे।

उन्होंने कहा कि सपा माहौल को अशांत करना चाहती है। अखिलेश यादव को समझना चाहिए कि ये बरेली का स्थानीय मामला है। बाहर के लोगों को आकर इसमें दखल नहीं देना चाहिए। बरेली की गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे को बाकी रखने के लिए बाहरी लोगों से होशियार रहें। अगर सपा के लोगों ने शहर को संभल बनाने की कोशिश की और पुलिस-प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो मुस्लिम जमात के कार्यकर्ता सपाइयों को मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं। शहर में अमन व शांति है। जुमे की नमाज भी अच्छे अंदाज में पढ़ी गई। सपा का प्रतिनिधित्व मंडल जहां कहीं भी गया, वहां उसने अशांति फैलाई और माहौल खराब किया है।

- बाहर के लोगों को आकर मामले में दखल नहीं देना चाहिए

## निर्दोषों को छोड़ा जाए, सिर्फ दोषियों पर कार्रवाई हो

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), माले, वामपंथी मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता राजेश तिवारी की अध्यक्षता में सीपीआईएम कार्यालय पर हुई। सीपीएम के जिला सचिव एवं मंडल सदस्य राजीव शांत, सीपीआई के जिला सचिव सतीश कुमार, सीपीआई माले के अफरोज आलम ने बवाल के बाद शहर के हालात पर बात की।

पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को छोड़ा जाए। सिर्फ दोषियों पर ही कार्रवाई की जाए। इस दौरान सतीश कुमार, टीआर लोधी, जलालुद्दीन, कमल हसन, हरनंदन मौजूद रहे।

## उपद्रवियों की लोग एसएसपी के गोपनीय नंबर पर भेज रहे सूचना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में हुए बवाल के उपद्रवियों की जानकारी अब लोग एसएसपी अनुराग आर्य के गोपनीय नंबर पर दे रहे हैं। इतना ही नहीं बवाल की वीडियो और फुटेज भेज कर उपद्रवियों को चिह्नित करने में भी पुलिस की मदद कर रहे हैं। पुलिस फुटेज और वीडियो की जांच कर जल्द ही उपद्रवियों के घरों पर दस्तक देगी।

बता दें कि एसएसपी अनुराग आर्य ने गोपनीय सूचनाएं एकत्र करने के लिए व्हाट्सएप नंबर 9917020009 जारी किया था। इस नंबर पर अब तक लोग जनपद में हो रहे अवैध धंधों समेत आपराधिक सूचनाएं देते थे लेकिन बवाल होने के बाद से उस पर करीब एक दर्जन से अधिक सूचनाएं उपद्रवियों की भेजी गई हैं। उसके साथ फोटो और वीडियो भी लोग भेज रहे हैं। इतना ही नहीं आधा दर्जन से अधिक लोगों ने डाक से उपद्रवियों की जानकारी भेजने के साथ ही पेन ड्राइव में फोटो और वीडियो भेजे हैं। इन सभी सूचनाओं को एसएसपी जांच के लिए गठित की गई एसआईटी टीम को दे रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद इन सभी उपद्रवियों के घरों पर पुलिस दस्तक देकर सलाखों के पीछे पहुंचाएगी।

- दो दिन में एक दर्जन जानकारी लोगों ने पुलिस को दी, जांच तेज
- उपद्रवियों की फोटो और वीडियो भेज कर बता रहे

### स्टेशन और बस स्टॉप के सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने लिए कब्जे में, की जा रही पहचान

पुलिस की जांच में आया कि दूसरे जिलों से उपद्रवी और अपराधी बवाल करने के लिए बुलाए गए थे। यह सभी बवाल के बाद ट्रेन और बसों से अपने-अपने ठिकानों पर पहुंचे हैं। ऐसे में एक बार फिर से पुलिस टीम रेलवे स्टेशन-बस स्टॉप समेत उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए वीडियो और फुटेज अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच कर रही है।

# सपा के सांसद-विधायक समेत कई नेता किए नजरबंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शनिवार को बरेली आने वाले प्रतिनिधिमंडल को पुलिस और प्रशासन ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए रोक दिया। आंवला के सपा सांसद नीरज मौर्य, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार समेत कई नेताओं को उनके ही घर में नजरबंद कर दिया। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे समेत दूसरे जिलों से आने वाले अन्य सांसद उनके गृह जनपद में ही नजरबंद कर दिए गए।

प्रतिनिधिमंडल 26 सितंबर को हुई घटना की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने और बेगुनाहों पर कार्रवाई न करने के मकसद से डीआईजी से भेंट कर निष्पक्ष जांच की मांग करने वाला था। सपा सांसद नीरज मौर्य सुबह होते ही पुलिस को चकमा देकर सर्किट हाउस पहुंच गए, जहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पीलीभीत बाईपास स्थित आवास ले जाकर हाउस अरेस्ट कर लिया। इस दौरान नीरज मौर्य ने कहा कि सरकार और प्रशासन जांच से डर क्यों रहा है, अगर अन्याय नहीं हुआ तो सदस्यों को रोकना गैर जिम्मेदाराना है। भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम और उनके पिता पूर्व विधायक इस्लाम साबिर को सीबीगंज स्थित फार्म हाउस में हाउस अरेस्ट किया गया। सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता नेहा यादव, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व सांसद वीरपाल यादव को नजरबंद किया गया। संजीव यादव, मयंक शुक्ला, पीयूष वर्मा, नरेंद्र गौतम, शिव कुमार, अशोक यादव, संजय शास्त्री, मनोहर पटेल आदि लोग मौजूद रहे।


हाउस अरेस्ट के दौरान सांसद नीरज मौर्य के घर पर तैनात फोर्स। • अमृत विचार


पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार को भी हाउस अरेस्ट किया गया।

- अखिलेश के निर्देश पर आ रहे दूसरे जिलों के नेता भी रोके गए

### नारेबाजी के दौरान पुलिस से तीखी नोकझोंक

सपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा डॉ. नेहा यादव को जब उनके घर पर हाउस अरेस्ट किया गया तो उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान एक सिपाही ने नेहा के हाथ में लिया पोस्टर फाड़ दिया। इस पर घर के बाहर कुछ देर तक नोकझोंक हुई। नेहा ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अखिलेश यादव के पीडीए फार्मूले से घबराकर सरकार बवाल के बाद बेगुनाहों पर के घरों पर बुलडोजर चलवा रही है।

### प्रतिनिधि मंडल को रोक हाउस अरेस्ट करना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन: सुल्तानी



**बरेली, अमृत विचार :** सपा के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी को रामपुर रोड स्थित निवास पर हाउस अरेस्ट किया। पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश यादव को उनके निवास पर नजर बंद किया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने प्रतिनिधि मंडल को रोककर हाउस अरेस्ट किया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। हम लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों के पास जाकर अपना पक्ष रखना चाहते थे। देर शाम प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों को हाउस अरेस्ट से आजादी मिली। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, राजेश अग्रवाल, महासचिव पं. दीपक शर्मा, राजेश मौर्या, शेर सिंह गंगवार, गोविंद सैनी, सिंपल कन्नौजिया, हसीब खान, हरिओम प्रजापति, पार्षद मो.आरिफ कुरैशी, पार्षद अलीम सुल्तानी, पार्षद इकबाल बिल्डर, सचिव सय्यद जमील अहमद आदि शामिल थे।

## आठ दिन से लापता बुजुर्ग का मिला शव

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में आठ दिन से लापता बुजर्ग का शव मिला। सिर और पैर धड़ से अलग पड़े हुए थे। परिजन हत्या कर लाश फेंकने की आशंका जता रहे हैं लेकिन पुलिस इसे सामान्य मौत मान रही है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आलमपुर गजरौला गांव के मेवा राम ने बताया उनके बड़े भाई लेखराज उनके साथ ही रहते थे। उनकी शादी नहीं हुई थी। कुछ दिन पहले लेखराज घर से जानवर चराने गए थे, लेकिन शाम को जानवर तो वापस आ गए पर वह नहीं आए। गुमशुदगी दर्ज कराई गई। शनिवार शाम सूचना मिली की लेखराज की लाश गांव के पास ही खेत में पड़ी है। परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गए। लाश का सिर व पैर धड़ से अलग पड़े थे। पुलिस का मानना है कि काफी दिन हो जाने पर जानवरों ने लेखराज का सिर और पैर खींचकर अलग कर दिए होंगे।

## धान खरीद का खुला खाता, लड्डू खिलाकर किसानों का स्वागत


धान बेचने आए किसान का स्वागत करते डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय।

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में धान खरीद का खाता आखिरकार खाद्य एवं विपणन विभाग ने शनिवार को खोल लिया। डेलापीर मंडी समिति में धान लेकर आए दो किसानों का डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने स्वागत करते हुए धान खरीद शुरू की।

उन्होंने किसानों को फूल माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर स्वागत किया। किसान से धान की उपज की तौलवाई कर खाते में निर्धारित धनराशि का भुगतान भी कराया।1 अक्टूबर से धान खरीद शुरू हो गई है। जिले में 122 क्रय केंद्र खोले गए हैं। बीते तीन दिन तक सरकारी क्रय केंद्रों का खाता नहीं खुला था। शनिवार को डेलापीर मंडी परिसर में लगे क्रय केंद्र पर किसान अनोखेलाल 50 क्विंटल और जस्सा सिंह 100 क्विंटल धान लेकर पहुंचे। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि मंडी में लगे क्रय केंद्र पर धान खरीदा गया है। यह जिले में पहली खरीद है। अभी ज्यादातर किसानों की फसल कटी नहीं है या सूखी नहीं है जिससे बहुत कम ही किसान आ रहे हैं।

## रिश्वत लेने के आरोपी संविदा लाइनमैन की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली कनेक्शन के नाम पर उपभोक्ता से रिश्वत लेने के आरोपी संविदा लाइनमैन मुरादाबाद लाकड़ी फाजिलपुर निवासी अंकुश शर्मा की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील पंकज कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता अफजाल हुसैन ने थाना प्रभारी एंटी करप्शन मुरादाबाद को तहरीर देकर बताया था कि वह थाना मुगलपुरा मुरादाबाद का निवासी है। उसने घरेलू परिसर में बिजली कनेक्शन के लिए उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड जीआईसी मुरादाबाद में 10 अगस्त को दस्तावेज जमा कराए थे। कार्यालय में बाबू राजीव सैनी से मिला तो उन्होंने कहा कि कनेक्शन हो जाएगा, मगर उन्हें 5500 रुपये खर्च करने होंगे। वह 21 अगस्त को पहुंचे तो बाबू ने कहा कि अंकुश को रुपये दे दो।

# प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी पति की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र में आठ सितंबर को खाई में पिकअप के अंदर गांव गोहाना निवासी ड्राइवर हरपाल का शव मिला था, वह किसी हादसे का शिकार नहीं हुए थे, बल्कि पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर उनकी हत्या की साजिश रची थी। हरपाल ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। शनिवार को पुलिस ने मामले में दो और आरोपियों ग्राम बिलसा निवासी राहुल और गांव करसौली रामपुर के धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मीरगंज सीओ अजय कुमार ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि ममता ने प्रेमी कैलाश और रिश्तेदारों के साथ मिलकर पति की हत्या की थी। घटना से आठ दिन पहले हरपाल ने पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। ममता को डर था कि राज खुलने पर बदनामी होगी। इसी डर से उसने प्रेमी कैलाश और उसके साथियों के साथ मिलकर हरपाल को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। आठ सितंबर की रात राहुल ने हरपाल को गाड़ी बुकिंग के बहाने बुलाया। रास्ते में कैलाश और उसके साथियों ने उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और शव पिकअप में रखकर खाई में धकेल दिया, ताकि मामला हादसे जैसा लगे। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने पूरी कहानी पलट दी। शरीर पर कोई गंभीर चोट नहीं थी। मौत का कारण दम घुटना निकला। मां पूनम देवी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब तक कुल पांच आरोपी जेल पहुंच चुके हैं। सीओ अजय कुमार ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- पत्नी को प्रेमी के साथ पति ने देख लिया था आपत्तिजनक हालत में
- दो और आरोपी गिरफ्तार पत्नी- प्रेमी जा चुके हैं जेल

### हरपाल का कैलाश रिश्ते में लगता था भांजा

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हरपाल रिश्ते में आरोपी कैलाश का मामा लगता था। वह अपनी पिकअप चलाता था। जिसको लेकर वह अक्सर बाहर रहता था। उस दौरान आरोपी कैलाश ममता से मिलने के लिए आता था। दोनों के बीच संबंध थे। ममता ने कैलाश से हरपाल को रास्ते से हटाने की बात कही। उसके बाद कैलाश ने मौसी के बेटे राहुल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

### एक लाख रुपये में हुआ था हत्या का सौदा

कैलाश ने हरपाल की हत्या कराने के लिए राहुल से एक लाख रुपये में सौदा तय किया था। कैलाश व ममता ने 15 हजार रुपये राहुल को दे दिए थे। राहुल और कैलाश ने 8 सितंबर को ऋषिकेश जाने के लिए हरपाल की पिकअप सात हजार रुपये में तय की थी। उसे फोन करके मिर्जापुर बुलाया था। जहां कैलाश, राहुल आदि ने हत्या की योजना बनाई थी। फतेहगंज पश्चिमी से मीरगंज जाने वाली सड़क पर नल नगरिया यात्री शेड के किनारे पिकअप को खड़ा करवाकर उसके पीछे बैठकर शराब पीने लगे। सभी ने उसका गला दबा कर हत्या कर दी। पिकअप को कैलाश खुद चलाकर मिर्जापुर से शाही को जाने वाली सड़क के किनारे खाई के पास ले गया। वहां शव को आगे की सीट पर रखकर पिकअप को खाई में धकेल दिया।

## सिटी ब्रीफ

### बोर्ड पर अंकित करनी होगी उर्वरक की जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने रबी सीजन 2025-26 में किसानों को गुणवत्तायुक्त और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सहकारी और निजी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी उर्वरक विक्रेताओं को पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित मूल्य पर किसानों को उर्वरक बेचना अनिवार्य होगा। स्टॉक पंजिका, विक्रय पंजिका और रसीद रखना आवश्यक होगा। उर्वरक बिक्री दर और स्टॉक की जानकारी प्रतिदिन स्टॉक बोर्ड और रेट बोर्ड पर अंकित करनी होगी। ऐसा न करने वालों का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि किसानों को यूरिया, डीएपी या एनपीके के साथ अन्य अप्रचलित उर्वरक खरीदने के लिए बाध्य न करें। ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी विक्रेताओं को किसानों को कैश मेमो या रसीद देना अनिवार्य होगा। शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।

# व्यापारियों को जीएसटी स्लैब में हुए बदलाव के फायदे बताए

## वनमंत्री ने बैंक के सभागार में व्यापारी संगोष्ठी आयोजित की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** वनमंत्री ने शनिवार को अर्बन बैंक को-ऑपरेटिव सभागार में व्यापारी संगोष्ठी आयोजित कराई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा ब्रज क्षेत्र राकेश मिश्र अनावा, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि राकेश अनावा ने व्यापारियों को मोदी सरकार द्वारा व्यापारी हित में कम किए जीएसटी स्लैब के बारे में विस्तार से जानकारी देकर इसके फायदे बताए। डॉ. अरुण कुमार ने मोदी सरकार एवं योगी सरकार की जनहित नीतियों की जानकारी दी। व्यापारी नेताओं में राजेंद्र गुप्ता, सुदेश अग्रवाल, अश्वनी अरोड़ा, रितेश मोहन गुप्ता, सुरेन्द्र रस्तोगी, पवन अरोड़ा, अनिल अग्रवाल, शोभित सक्सेना, सतीश शर्मा, गुलशन आनंद, राम कृष्ण शुक्ला, विष्णु अग्रवाल आदि ने जीएसटी में हुए बदलाव पर अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के महानगर महामंत्री प्रतेश पांडेय ने किया। इस मौके पर श्रुति गंगवार, डॉ. केएम अरोड़ा, अनिल कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार को जीएसटी दर घटने का अभिनंदन पत्र सौंपा। सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम एवं मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा अनावा का स्वागत किया। इस अवसर पर उप्र उद्योग व्यापार संगठन के महानगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, कौशिक गंगवार, रतन गुप्ता, अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।



अर्बन कोऑपरेटिव सभागार में संगोष्ठी में वनमंत्री को मांगपत्र सौंपते व्यापारी।

## ट्राली ट्रांसफार्मर का 48 घंटे से अधिक नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल

**बरेली, अमृत विचार:** ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने के बाद जेई या कर्मचारियों की तरफ से ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया जाता है, लेकिन अब अधिकारियों ने आदेश जारी किया है कि ट्राली ट्रांसफार्मर का इस्तेमाल अब सिर्फ 48 घंटे के लिए किया जाएगा। उससे अधिक समय तक लगाने पर संबंधित क्षेत्र के जेई से जवाब तलब किया जाएगा।

11 एवं एलटी केवी वर्टिकल के अधिशासी अभियंता नितिन सिंह ने बिजली विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में एक मेसेज डालकर सभी एसडीओ, जेई को निर्देश दिए कि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने आदेश जारी किया है कि ट्राली ट्रांसफार्मर का इस्तेमाल 48 घंटे से अधिक समय तक नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि अगर ट्रांसफार्मर में फाल्ट की वजह से ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति दी जा रही है तो उसे 48 घंटे के अंदर ही ठीक कराकर ट्राली ट्रांसफार्मर को हटा लें।

# नहीं निकाला गया जुलूस ए गौसिया, सजाई महफिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने लिया फैसला

**अमृत विचार:** 11 वीं शरीफ के मौके पर निकलने वाला जुलूस ए गौसिया इस बार शहर के माहौल को देखते हुए नहीं निकाला गया। शनिवार को सैलानी में गौस पाक की याद में एक महफिल सजाई गई, जिसमें अमन चैन और भाईचारे के लिए दुआ की गई।

शहर में हर साल सैलानी के रजा चौक से बड़े पीर शेख अब्दुल कादिर जिलानी बगदादी गौस-ए-पाक की याद जुलूस ए गौसिया निकाला जाता था। जिसमें शहर की लगभग 80 अंजुमन शामिल होती थीं लेकिन इस बार हालात तनावपूर्ण देखते हुए दरगाह आला हजरत से फैसला लिया गया कि जुलूस नहीं निकाला जाएगा। नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत में सैलानी रजा चौक स्थित हाजी शारिक नूरी के घर पर महफिल सजाई गई। महफिल का आगाज तिलावत-ए-कुरान से मुफ्ती अजहर रजा ने किया। नात-ओ-मनकबत का नजराना जमन रजा, मौलाना मुनीर रजा ने पेश किया। मुफ्ती जईम रजा ने गौस-ए-पाक की करामत बयान करते हुए कहा कि शेख अब्दुल कादिर बगदादी ने हमें बताया कि कितनी ही बड़ी मुश्किल आ जाए लेकिन कभी सच और सब्र का दामन न छोड़ें। अपने मजहब पर सख्ती से कायम रहते हुए अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलें। जुल्म इस्लाम का हिस्सा नहीं है। न ही हम किसी पर जुल्म करें और न खुद पर जुल्म सहें। संचालन करते करते हुए मौलाना अजहर रजा ने आला हजरत का शेर पढ़ा "ये दिल ये जिगर ये आंखें ये सिर जहां चाहो रखो कदम गौसे आजम। राशिद अली खान, अंजुमन के उपाध्यक्ष परवेज नूरी, सचिव अजमल नूरी, शाहिद नूरी, औरंगजेब नूरी, वामिक रजा, नासिर कुरैशी, अफजालुद्दीन, जमाल खान, ताहिर अल्वी आदि मौजूद रहे।

## लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने लोगों को परेशान किया

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में शनिवार को लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान रहे। जगतपुर में एक फेस नहीं आने से लोगों के घरों के उपकरण नहीं चल सके। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर से फेस नहीं आने की समस्या को दूर किया। लोगों ने राहत की सांस ली।

सिविल लाइंस में दोपहर को पोल से लाइट खराब हो गई। कुतुबखाना के आलमगिरीगंज, बजरिया पूरनमल में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। सिविल लाइंस टू सबस्टेशन के आजादनगर में ट्रिपिंग से बिजली का आना जाना लगा रहा। जगतपुर सबस्टेशन पर शाम 7 से 8 बजे तक सेटेलाइट रोड पर लगे ट्रांसफार्मर से एक फेस नहीं आने से लोग परेशान हुए। इसके अलावा मीरा की पेठ में बिजली संकट बना रहा। मिशन सबस्टेशन व किला क्षेत्र में रात 8 से 9 बजे तक बिजली गुल रही। सुभाषनगर, शाहदाना, डेलापीर और मढ़ीनाथ क्षेत्र में भी बिजली संकट रहा।

# पक्ष में रिपोर्ट लगाने को सेवानिवृत्त फौजी से दरोगा ने मांगी 2.50 लाख की रिश्वत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 25 शिकायतें
- मंडलायुक्त ने सुनीं समस्याएं जमीनों पर कब्जों के सर्वाधिक मामले पहुंचे

**अमृत विचार :** तहसील सदर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने शिकायतें सुनीं। चौधरी तालाब, बानखाना रोड निवासी सेवानिवृत्त फौजी नेत्रपाल ने गढ़ी चौकी के दरोगा पर पक्ष में रिपोर्ट लगाने के एवज में 2.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। नेत्रपाल ने प्रकरण की जांच उच्चाधिकारियों से कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

78 वर्षीय नेत्रपाल ने शिकायत में कहा है कि पत्नी का निधन हो गया है। परिवार के कई लोग झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं। सभी ने मारपीट कर मुझे घर से बेघर कर दिया है। मैंने मकान में ताले डाले तो उसे तोड़कर सामान चोरी कर लिया गया। मकान उसके नाम है। कोयले का डिपो भी बेचने का आरोप लगाया। मामले की शिकायत डीएम कार्यालय में की जा चुकी है। कहा कि शिकायत गढ़ी चौकी में की तो दरोगा रुपये मांगने लगे। नगला गांव के दुर्गपाल सिंह ने शिकायत करते हुए कहा कि उसके मकान के बराबर में देशी शराब की दुकान है। वहां शराब पीकर लोग झगड़ा करते हैं। दुर्गपाल सिंह ने सड़क पर शराब बेचने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ग्राम भूड़ा के रघुनंदन प्रसाद एडवोकेट ने शिकायत करते हुए बताया है कि 12 सितंबर को ग्राम भूड़ा स्थित तालाब की खुदाई के लिए लेखपाल बुलडोजर लेकर पहुंचे। तालाब के पश्चिम की तरफ उसका घर है। उसके घर के सामने खुदाई कराई लेकिन लेखपाल ने अन्य घरों के सामने खुदाई नहीं कराई। खुदाई की वजह से आवाजाही में दिक्कत हो रही है। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी दोपहर करीब 1 बजे तहसील दिवस में पहुंचे तो उस समय एसडीएम सदर प्रमोद कुमार मौजूद नहीं थे। वह कुछ देर पहले ही जरूरी काम के लिए डीएम के यहां गए थे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। कुल 25 शिकायतें पहुंचीं। इसमें 15 शिकायतें राजस्व विभाग, चार पुलिस व दो विकास से जुड़ी आईं।

# सुधीश जिला और अजय बने महानगर अध्यक्ष


कार्यक्रम में मौजूद पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। • अमृत विचार

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने महानगर इकाई का किया गठन

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की निजी स्कूल में महानगर इकाई का चुनाव हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि सुधीश पांडे को एक बार फिर संगठन का जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं महानगर अध्यक्ष अजय गुप्ता शैंकी, महानगर महामंत्री अनुज गुप्ता, महानगर कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल बंटी को घोषित किया गया। वहीं युवा टीम की कमान ऋषभ अग्रवाल को दी गई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद साहू, सोशल मीडिया प्रभारी रचित अग्रवाल और मीडिया प्रभारी प्रदीप रस्तोगी को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष राज चौधरी, देवेंद्र पाल सिंह, सूरज गुप्ता, अमन गुप्ता, हरीश प्रजापति, राजीव कुमार बॉबी और विश्वनाथ त्रिपाठी, कानूनी सलाहकार मनोज पांडे और मनीष माथुर को बनाया गया।

मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल, मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मोनिका यादव और प्रदेश कोषाध्यक्ष अलीशा हुसैन सिद्दीकी मौजूद रहे। प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि हमारा संगठन सिर्फ व्यापारिक हित में कार्य करता है और किसी भी तरह के राजनीतिक मामलों में नहीं पड़ता है। विनीत गुप्ता, संजू भारती, अमित मेहरा, सचिन यादव, शगुन अग्रवाल, शाश्वत अग्रवाल, अमन जालान, हर्षित बंसल, दिव्यांश अग्रवाल, शुभम खंडेलवाल, अमित गुप्ता, चरणजीत सिंह साहनी, अमित हरमिलापी, नितिन गुप्ता, उमंग अग्रवाल, शिवा सिंह, रौनक पाराशरी, आदित्य गंगवार छोटू गुप्ता को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## बीसलपुर पुलिया दिवाली से पहले चालू होगा यातायात

**बरेली, अमृत विचार:** बीसलपुर चौराहे पर पुलिया के तीसरे हिस्से की फाउंडेशन बनने के साथ ही लिंटर डालने का काम शुक्रवार को पूरा हो गया। उम्मीद है कि दिवाली से पहले इस पर यातायात बहाल हो जाएगा।

पीडब्ल्यूडी बीसलपुर चौराहे पर पुरानी पुलिया को तोड़कर नई का निर्माण 82 लाख रुपये से करा रहा है। मई में पुलिया का निर्माण शुरू हुआ था। पुलिया का निर्माण तीन हिस्सों में होना है। दो हिस्सों में काम पूरा होने पर 28 अगस्त को सेटेलाइट से पीलीभीत की ओर से जाने वाले वाहनों के लिए यातायात शुरू कर दिया गया था। एक्सईएन भगत सिंह का कहना है कि तीसरे हिस्से में पुलिया का स्ट्रक्चर बनाने का काम पूरा होने के साथ ही लिंटर डालने का काम भी शुक्रवार को पूरा कर लिया है। 10 से 12 दिन में लिंटर खोलने के बाद पुलिया के इस हिस्से पर भी यातायात सुचारू हो जाएगा। इससे पीलीभीत की तरफ से आने वाले और सेटेलाइट की तरफ से पीलीभीत जाने वाले वाहनों को डायवर्जन की वजह से जाम के झाम में नहीं फंसना पड़ेगा।

# फीनिक्स में दिवाली की शॉपिंग पर डबल धमाका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 26 अक्टूबर तक चलेगा 'फीनिक्स की दिवाली खुशियों वाली' फेस्टिवल
- खरीदारी पर ग्राहकों को मिलेंगे उपहार और इनाम जीतने का भी मौका

**अमृत विचार :** त्योहारी सीजन आते ही फीनिक्स यूनाइटेड मॉल ने बरेली के ग्राहकों के लिए खुशियों का पिटारा खोल दिया है। 26 अक्टूबर तक चलने वाले "फीनिक्स की दिवाली खुशियों वाली" फेस्टिवल में खरीदारी करने वालों को न सिर्फ शानदार तोहफे, बल्कि ढेर सारे इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा।

10,999 की शॉपिंग करने वाले ग्राहक को निश्चित इनाम मिलेगा। 12,999 रुपये की शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को लकी ड्रॉ में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जिसमें 7 लाख तक के गिफ्ट जीतने का मौका मिलेगा। इसमें टीवी, एसी, माइक्रोवेव जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर एक जावा येजडी बाइक तक जीतने का मौका है। साथ ही 5 भाग्यशाली ग्राहकों को क्लब महिन्द्रा की ओर से 2 रात और 3 दिन का डमेस्टिक स्टे भी मिलेगा। यह फेस्टिव कैम्पेन दिवाली तक चलेगा। दशहरा के साथ शुरू दिवाली की असली खुशियां शॉपिंग बनेगी डबल धमाका। इससे परिवार के साथ शॉपिंग का आनंद दोगुना होगा।

फीनिक्स मिल्स के रीटेल डायरेक्टर (नॉर्थ) संजीव सरीन ने कहा कि "फीनिक्स यूनाइटेड का प्रयास हमेशा से लोगों की खुशियों को और खास बनाने का रहा है। इस बार भी हम चाहते हैं कि ग्राहक केवल शॉपिंग तक सीमित न रहें, बल्कि परिवार संग त्योहार का पूरा आनंद लें।



## डांडिया महोत्सव की धूम

**बरेली, अमृत विचार :** शशि सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शनिवार को डांडिया महोत्सव का आयोजन सर्वेश्वर नाथ मंदिर सिल्वर स्टेट में हुआ। नीतू सक्सेना डांडिया क्वीन चुनी गईं और राजश्री सेकेंड रनरअप रहीं। अध्यक्ष राशि पाराशरी एडवोकेट, वाणी पाराशरी, रेनू मिश्रा, बबीता सिंह, अंजू भारद्वाज, रागिनी गुप्ता, कुसुम, लता सिंह, जयश्री, अंशिका सिंह मौजूद रहीं।

## सिटी डायरी



### अगर व्यापारी की गलती नहीं है तो उसे डरने की जरूरत नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** बटलर प्लाजा मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन ने शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर नवगठित इकाई की घोषणा की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने व्यापारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि अगर व्यापारी की गलती नहीं है और वह सही है तो उसे किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है। पूरा उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल आपके साथ हमेशा खड़ा है। राजेश जसोरिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों की संख्या लगभग 2 .5 करोड़ पहुंच चुकी है, जो प्रदेश का सबसे बड़ा व्यापारी संगठन के रूप में व्यापारियों के लिए सेवा भाव से सदैव समर्पित है। वहीं, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने बटलर प्लाजा शॉप कीपर एसोसिएशन को अपनी अनुषंगी के इकाई के रूप में मान्यता प्रदान की। अतिथि दुर्गेश खटवानी, मनमोहन सब्बरवाल, एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अखिल रस्तोगी, संदीप मेहरा, विपुल गर्ग, मनोज खटवानी, दिनेश दीवान, दिलीप केशवानी, राजीव गुप्ता, उर्वेश सक्सेना, विराग अग्रवाल, संजय गुप्ता, विशाल आनंद, अमन रस्तोगी, दानिश अहमद, आसिम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### 78 दिन के पीएलबी को बताया छलावा




**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक शनिवार को इज्जतनगर कारखाना स्थित श्रमिक संघ कार्यालय में हुई। मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री अशोक कुमार शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में दिया गया 78 दिन का पीएलबी (प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस) रेल कर्मचारियों के साथ एक धोखा है। कहा कि जब न्यूनतम वेतन 18,000 प्रति माह निर्धारित है, तो बोनस की गणना 7,000 के आधार पर क्यों की जा रही है। आरोप लगाया कि मान्यता प्राप्त यूनियनों ने इस मुद्दे पर रेल मंत्रालय के समक्ष कर्मचारियों की आवाज नहीं उठाई, जिससे उन्हें वर्षों से लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने नई पेंशन योजना (एनपीएस) पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो नेता पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे हैं, वे अब एनपीएस को कर्मचारियों की जीत बताकर धोखा दे रहे हैं। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वेश्वर राय ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ आठवें वेतन आयोग के गठन के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार से संवाद शुरू कर चुका है। केंद्रीय महामंत्री कामेश्वर दुबे ने कहा कि आज रेलवे अस्पतालों की स्थिति चिंताजनक है। मरीजों को एंबुलेंस तक नहीं मिलती है। उन्होंने ट्रांसफर-पोस्टिंग और प्रमोशन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाया। अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष जेएस भदौरिया और संचालन कारखाना मंडल अध्यक्ष रविंद्र यादव ने किया। मंडल मंत्री सूरज मल मीणा, विवेक शर्मा, रुद्र प्रताप सिंह, पवन कुमार, वीरेंद्र पाल मौजूद रहे।






## शहर में आज

- मढ़ीनाथ रामलीला की शोभायात्रा दोपहर 3 बजे से।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबाल लीग का फाइनल मैच दोपहर 3 :30 बजे।
- इंडियन डेंटल एसोसिएशन बरेली कैंट की ब्रांच की शुरुआत होटल रमाडा में 7 :30 बजे।
- जीएसटी को लेकर व्यापारी सम्मेलन बीजेपी कार्यालय सिविल लाइंस में शाम 4 बजे से।
- इंडियन डेंटल एसोसिएशन बरेली ब्रांच का एकदिवसीय विशेष लेक्चर आईएमए भवन में दोपहर 1 बजे।
- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश का चुनाव तीन सौ बेड अस्पताल के सभागार में सुबह 11 बजे से।
- रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ के दशहरा मेले में रावण पुतला दहन और मेला क्वीन रात 8 बजे से।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में गगनिका संस्कृति समिति की ओर से "हमारे बापू" का मंचन शाम 5 :15 बजे।

# दीक्षांत समारोहः 427 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां, 59 को सर्टिफिकेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एसआरएमएस के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. राजीव बहल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति के साथ मेधावी विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- डॉ. संयमिता और डॉ. करण को मिला श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल अन्य मेधावी भी पुरस्कृत हुए
- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए

**अमृत विचार** : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के 12 वें दीक्षांत समारोह में 427 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। श्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले 59 विद्यार्थियों को ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट मिले। पीजी में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर रेडिएशन ओंकोलॉजी की डॉ. संयमिता जैन और एमबीबीएस में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले छात्र डॉ. करण कालरा ओवरऑल टॉपर चुने गए। दोनों को श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ 51-51 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया।

मुख्य अतिथि हेल्थ रिसर्च विभाग के सेक्रेटरी एवं इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के डीजी डा. राजीव बहल ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, सम्मान, प्रतिबद्धता और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को मजबूती से थामे रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज डिग्री आपके हाथ में है और यह आपकी सफलता का उत्सव है। इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शतिक प्रेक्षागृह में शनिवार को सरस्वती वंदना के साथ समारोह आरंभ हुआ।

मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला ने विद्यार्थियों को दीक्षा दी और एनएमसी की शपथ दिलाई। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि आज का दिन डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए यादगार दिन है। आप अपने मां-बाप का सम्मान करें। जिनकी बदौलत आप यहां तक पहुंचे। वाइस प्रिंसिपल डॉ. रोहित शर्मा ने आभार जताया। संचालन डॉ. आयुषि शुक्ला और डॉ. शिवांगी मिधा ने किया। इस दौरान नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, डॉ. योगेश प्रसाद, बरेली कॉलेज के प्राचार्य डॉ.ओपी राय, डॉ. वंदना शर्मा, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ऊषा गुप्ता, देविशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### इन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को मिले पदक प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार

दीक्षांत समारोह में एमडी व एमएस के 66 विद्यार्थी, एमएससी नर्सिंग के 5, एमएससी पैरामेडिकल के 36, एमबीबीएस के 99, नर्सिंग बीएससी के 106 और पैरामेडिकल के 119 विद्यार्थी शामिल रहे। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विवि में एमडी जनरल मेडिसिन ब्रांच में पहला स्थान पाने वाले डॉ. शौविक दत्ता और एमडी रेस्पिरेटरी मेडिसिन में दूसरा स्थान पाने पर डा. वरुण गुप्ता को सम्मानित किया। छह मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

# ब्लॉक चेन से मिलेंगी उपाधियां, माइग्रेशन व प्रोविजनल सर्टिफिकेट ऑफलाइन बंद

## परीक्षा समिति में लिए महत्वपूर्ण निर्णय, ऑनलाइन सर्टिफिकेट में शुल्क भी घटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली


समिति कक्ष में परीक्षा समिति की बैठक में परीक्षा नियंत्रक व सदस्य। ● अमृत विचार

- अलग से अंक तालिकाओं को देने पर भी बनी सहमति

**अमृत विचारः** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में समिति कक्ष में शनिवार को परीक्षा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सबसे पहले 1 दिसंबर 2023 की परीक्षा समिति की बैठक के कार्य वृत्त का अनुमोदन किया गया। कुलपति बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

बैठक में सत्र 2024-25 की उपाधियां ब्लाक चेन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को देने पर सहमति बनी। यह भी तय हुआ कि भविष्य में विश्वविद्यालय की ओर से ट्रांसक्रिप्ट एवं अंक तालिकाओं को भी ब्लॉक चेन के माध्यम से दिया जाएगा। इससे छात्र कहीं से भी अपनी डिग्री और मार्कशीट ऑनलाइन निकाल सकेंगे और लिंक देकर इसे वेरीफाई भी करा सकेंगे। उन्हें विश्वविद्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बैठक में तय हुआ कि ऑनलाइन प्रोविजनल एवं माइग्रेशन शुल्क को एक हजार से घटाकर 800 रुपये किया गया और ऑफलाइन प्रोविजनल एवं माइग्रेशन बंद कर दी गई हैं। आपात स्थिति में सक्षम अधिकारी की विशेष अनुमति के बाद ही एक हजार रुपये के शुल्क से ही इसे जारी किया जाएगा।

इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से आच्छादित एवं सेमेस्टर सिस्टम के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के स्नातक और परास्नातक में प्रथम द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को अलग से अंक तालिकाओं को देने की सहमति बनी। इसके अलावा वर्ष 2024 में आई भीषण बाढ़ के कारण एसएस कॉलेज शाहजहांपुर के रिकॉर्ड रूम में रखे छात्रों के मूल अंक तालिका और डिग्री प्रमाण पत्र क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस संबंध में कुलपति की ओर से गठित तीन सदस्यीय समिति ने महाविद्यालय का दो बार निरीक्षण किया। समुचित कार्रवाई के बाद तय किया गया की महाविद्यालय प्रकरण पर सहानुभूति पूर्ण विचार किया जाए।

### विदेशी छात्रों के लिए व्यवहारिक हिंदी का पाठ्यक्रम अनिवार्य

विश्वविद्यालय में प्रवेशित विदेशी छात्रों के लिए व्यवहारिक हिंदी का कोर्स एक अनिवार्य विषय के रूप में शुरू करने पर सहमति बनी लेकिन यह तय किया गया कि इसका क्रेडिट अंक छात्र के अंक तालिका में नहीं जुड़ेगा। व्यवहारिक हिंदी के कोर्स की मदद से विदेशी छात्र भारतीय सभ्यता संस्कृति दर्शन आदि का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे एवं स्थानीय स्तर पर उन्हें इससे काफी लाभ होगा।

# प्रभु श्रीराम लौटे तो अयोध्या में छाई खुशी


- मढ़ीनाथ रामलीला में कलाकारों ने राजतिलक का मंचन किया

**बरेली, अमृत विचार** : मढ़ीनाथ की रामलीला में शनिवार रात श्रीराम के राजतिलक की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने दिखाया कि 14 वर्ष के वनवास के बाद श्रीराम अयोध्या लौटे तो खुशी की लहर दौड़ गई। नगरवासियों ने दिये जलाकर प्रभु श्रीराम का स्वागत किया।

गुरु वशिष्ठ ने शुभ मुहूर्त देखकर श्रीराम का राज्याभिषेक किया। इस दौरान श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। श्रीराम, लक्ष्मण और सीता की झांकी की आरती उतारी गई। संयोजक चरण सिंह यादव ने सभी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि रविवार को राजगद्दी शोभायात्रा दोपहर 3 बजे निकाली जाएगी।

इस दौरान कमेटी के देवेंद्र जोशी, ज्ञान यादव, अनिल चौधरी, विजय कोहली, रामदीन, नीरज यादव, संजू कुमार, दिनेश यादव, चरनजीत यादव उर्फ टिंकू, अमरपाल, अनिल यादव, वीना शर्मा, मोहिनी शर्मा, अनिल शर्मा, डॉ. मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# प्रभु की असीम कृपा का प्रतिफल है मनुष्य जीवन



- आनंद आश्रम में वार्षिकोत्सव एवं संत सम्मेलन में बोले- स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती

**बरेली, अमृत विचार** : रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में चल रहे 66 वें वार्षिकोत्सव एवं संत सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को सुबह के सत्र में कनखल हरिद्वार से आए महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन प्रभु की असीम कृपा का प्रतिफल है। मोक्ष के बारे में जानने के लिए ब्रह्मत्व का ज्ञान आवश्यक है।

रायबरेली से आए स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने महाभारत का प्रसंग सुनाया। जिसमें उन्होंने बताया कि धृतराष्ट्र ने संजय से पूछा कि महाभारत के युद्ध का परिणाम क्या होगा तो संजय ने जवाब दिया जिधर भगवान कृष्ण हैं, धर्म है, विजय तो वही होगी। सीतापुर से आए स्वामी धर्मेंद्र आचार्य महाराज ने कहा सच्चा मित्र वही है जो सत्संग के लिए प्रेरित करे। सत्संग से ही मनुष्य जीवन का उद्धार होता है। शाम के सत्र में हरिद्वार से आए स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि धर्म, कर्म के कार्य में प्रत्येक व्यक्ति को सहभागिता करनी चाहिए। स्वामी विज्ञानानंद महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपना जीवन सरल स्वभाव से जीना चाहिए। माता पिता से मिले अच्छे संस्कार बच्चों को जीवन में उन्नति प्रदान करते हैं। उन्नाव से आए आचार्य नरेश शास्त्री ने काम, क्रोध और लोभ से दूर रहने के बारे में बताया। समिति के मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि दमा की निशुल्क दवा के लिए आश्रम कार्यालय में सुबह 8 से रात्रि 9 बजे तक रजिस्ट्रेशन कराए जा सकते हैं। दवा का वितरण 5 व 6 अक्टूबर को होगा। मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद स्वरूप अग्रवाल, राकेश खंडेलवाल, गिरीश अग्रवाल, नर सिंह मोदी, राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### प्रदेश स्तरीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में बरेली सेमीफाइनल में

**बरेली, अमृत विचार** : 21वीं राज्य स्तरीय बालक और बालिका सेपक टाकरा प्रतियोगिता बागपत के बड़ौत में चौधरी केयर सिंह दिव्या पब्लिक स्कूल में शुरू हुई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रेगू और क्वाड वर्गों में हो रही प्रतियोगिता में टीमों को 4 पूल में बांटा गया है। बरेली की टीम ने अपने पूल में विजय अभियान को जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। बरेली के साथ ही लखीमपुर खीरी, बदायूं और बागपत की टीमों भी अपने-अपने पूल में शीर्ष स्थान पर कब्जा किया। सेमीफाइनल मुकाबले देर रात आयोजित किए जाएंगे। वहीं फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद राजकुमार सांगवान ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष तोमर, सुनील ए सीरिया, तानसिंह, अमित कुमार उपस्थित रहे।

### दीक्षोत्सव की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और गतिविधियां हुईं

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से पहले दीक्षोत्सव के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 3 अक्टूबर तक गोद लिए गए गांवों के प्राथमिक से इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का प्रथम एवं द्वितीय चरण संपन्न हो गया। डॉ. ज्योति पाण्डेय ने बताया कि विद्यालयों में निर्धारित प्रतियोगिताएं संपन्न करवा ली गई है। आयोजन में कुलसचिव हरीश चंद्र, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, विद्यालयों के प्राचार्य रागिनी पांडे, मधु सिंघल, नुसरत परवीन, मधुबाला, तरनप्रीत, मीना गंगवार, मीना पांडे, श्यामला, राहत अली, मनप्रीत, मीनू गुप्ता, कीर्ति वर्मा, मीना पांडे, सांस्कृतिक समिति के डॉ. रीना पंत, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. इंदरप्रीत कौर, डॉ. अतुल कटियार का सहयोग रहा।

# बैडमिंटन की मंडलीय टीम का चयन हुआ

**बरेली, अमृत विचारः** प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष और महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 अक्टूबर तक अलीगढ़ में होगा। शनिवार को बरेली मंडल की पुरुष टीम का चयन स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। कोच करन सिंह ने बताया कि उत्कर्ष्र गंगवार, अनिकेत यादव, आनान कुमार अग्रवाल, अब्दुल रहमान बदायूं के अनमोल पाल और मो. याहया का और महिला वर्ग में शीतल पाल और रिंकी कुमारी का चयन हुआ।

# यूथ एफसी फाइनल में

**बरेली, अमृत विचारः** स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ की ओर से आयोजित जिला फुटबाल लीग के दूसरे सेमीफाइनल में यूथ एफसी ने फ्यूचर एफसी को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को फाइनल यूथ एफसी और फुटबाल हॉस्टल के बीच होगा। फ्यूचर एफसी के सूरज ने बेहतरीन मूव बनाकर 15 गज से बेहतरीन किक लगाई, लेकिन बॉल गोल पोस्ट से टकराकर मैदान में वापस आ गई। 14वें मिनट में यूथ एफसी के हर्षित ने हैड से गोल करने का प्रयास किया, जिसको फ्यूचर के गोलकीपर नमन ने गोल बचा लिया। पहले हाफ तक स्कोर 0-0 से बराबर रहा। हाफ टाइम के बाद यूथ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 38वें मिनट में प्रज्ज्वल ने, 47वें मिनट में संदीप ने, 50वें मिनट में अरुन ने और 65वें मिनट में हर्षित वारने ने गोल कर टीम को 4-0 से जीत दिला दी। बेस्ट प्लेयर प्रज्ज्वल को चुना गया। सभी टीमों को लीग में प्रतिभाग करने का प्रमाण पत्र दिया गया। मैच के रेफरी सुखलाल, मानवेंद्र, पुनीत पवार ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवेंद्र तिवारी, देवेंद्र ठाकुर, मून रौविशन, मुश्ताक अली, आदर्श मोहन, आरके सिंह आदि रहे।


गोल करने की जद्दोजहद करते खिलाड़ी।

# रामलीला सभा सुभाषनगर ने निकाली राजगद्दी शोभायात्रा


राजगद्दी की शोभायात्रा में शामिल राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकी।


शिव परिवार की झांकी ने भी मोहा मन। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** श्री रामलीला सभा सुभाषनगर समिति की ओर से शनिवार को दोपहर 2 बजे से शहर में राजगद्दी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, शंकर, पार्वती, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विष्णु, लक्ष्मी, राधा, कृष्ण देवी देवताओं के स्वरूप की झांकियां शामिल रहीं।

शोभायात्रा रामलीला मैदान से निकल कर मुख्य बाजार से होते हुए चौरासी घंटा मंदिर से चौपुला, किशोर बाजार, घंटा घर, मठ की चौकी, शहामतगंज, कालीबाड़ी, नॉवल्टी चौराहा से होते हुए तपेश्वरनाथ मंदिर पहुंची। जगह- जगह लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा वापस रामलीला मैदान सुभाषनगर पर पहुचीं। जहां पर मंत्री आलोक तायल ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर शोभायात्रा का समापन किया। शोभायात्रा के दौरान अशोक शर्मा, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राज कुमार तिवारी, डॉ. अजय शर्मा, अखिलेश सिंह, अमित भारद्वाज, अमूल श्रीवास्तव, अंकित जौहरी, नितिन जौहरी, मनोज राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# विराट दशहरा मेले में सजी सुरों की महफिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली


दशहरा मेले में ट्राई साइकिल देते एडीजी रमित शर्मा और पदाधिकारी। ● अमृत विचार


प्रस्तुति देते मान सिंह और गोरा सिंह।

- वॉइस ऑफ बरेली के जूनियर वर्ग में विवान सक्सेना बने विजेता
- कलाकार गोरा सिंह और मान सिंह के ग्रुप ने मनमोहक प्रस्तुति दी

**अमृत विचार** : रोटरी क्लब बरेली साउथ की ओर से बरेली क्लब के मैदान में आयोजित 39 वें विराट दशहरा मेले के दूसरे दिन शनिवार को सुरों की महफिल सजी। वॉइस ऑफ बरेली बनने के लिए बड़ी संख्या में जूनियर और सीनियर वर्ग में कलाकारों ने मंच पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। कलाकार गोरा सिंह और मान सिंह के ग्रुप ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इससे दर्शक झूमने को मजबूर हो गए।

दूसरे दिन मेले का उद्घाटन एडीजी जोन रमित शर्मा ने किया। मेला भ्रमण के दौरान एडीजी ने रोटरी कम्युनिटी सर्विस सोसाइटी के स्टाल पर रोटरी साउथ के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने शहर वासियों से कहा कि मेला संस्कृति परंपराओं को जीवित रखने में सफल है। रात में मेले में वॉइस ऑफ बरेली प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में विवान सक्सेना ने प्रथम, आदिश्री शंकर ने द्वितीय और योगिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार दक्षा उपाध्याय को मिला।

सीनियर ग्रुप गायन प्रतियोगिता में शिव शंकर प्रधान पहले, अभिषेक सक्सेना दूसरे, आदित्य श्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहे। अनुष्का गंगवार को विशेष पुरस्कार मिला। इसके बाद बेस्ट कपल प्रतियोगिता में संजीव शंखधार एवं चांदनी शंखधार को बेस्ट कपल चुना गया। सकुल गर्ग एवं तृप्ति गर्ग को द्वितीय, हरमीत कौर एवं तनवीर सिंह को तृतीय और रामवीर गुर्जर एवं राधिका गुर्जर को विशेष पुरस्कार दिया गया।

रोटरी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी। मेले में यूथ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया।

इस दौरान रवि प्रकाश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, डॉ. आईएस तोमर, दिनेश गोयल, अनूप अग्रवाल, राजीव बूबना, घनश्याम खंडेलवाल, इंद्रमोहन सिंह मेहता, संदीप मेहरा, अनिल अग्रवाल, अजय जसोरिया, डॉ. अमित अग्रवाल, हिमांशु कौशिक, शरद अग्रवाल, राकेश धीरवानी, मुकेश गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, संजय अग्रवाल, डॉ. विनोद पगरानी, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे। मेला मीडिया प्रभारी संदीप मेहरा ने बताया कि रविवार रात 10 बजे रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले दहन का कार्यक्रम होगा।

# वाल्मीकि सद्भावना मेला कल से


प्रेसवार्ता में वाल्मीकि सद्भावना मेले के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- स्टार नाइट रहेगी मुख्य आकर्षण का केंद्र, जलवा बिखरेंगे फिल्म अभिनेता और कलाकार

**बरेली, अमृत विचार** : महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव मेला समिति की ओर से 45 वां वाल्मीकि सद्भावना मेला का आयोजन 6 से 8 अक्टूबर तक ब्रह्मपुरा माधोबाड़ी के वाल्मीकि मेला ग्राउंड पर होगा।

सिविल लाइंस के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में समिति के संरक्षक दक्ष शर्मा पाराशर और व्यापारी नेता राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मेले में शहर के नवोदित कलाकारों की प्रस्तुति के साथ सिने जगत के कलाकार भी अपना जलवा बिखेरेंगे। मेला अध्यक्ष मनोज थपलियाल ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण स्टार नाइट होगी। इसमें हास्य अभिनेता सुनील पाल अपनी अदाकारी से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश जे भारती और फिल्म निर्माता एवं अभिनेत्री मंजू भारती भी प्रस्तुति देंगी। वृंदावन के कलाकार श्रीकृष्ण लीला की भक्तिमय नाट्य प्रस्तुति देंगे। दिल्ली का एबी डांस ग्रुप एवं हरनीत करन सिंह का फैशन शो और हास्य कवि सम्मेलन होगा। मेले में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान आकाश पुष्कर, धीरेंद्र प्रताप सिंह, राहुल गुप्ता, डॉ. नरेंद्र गंगवार, योगेश कुमार, सुनील दत्त, कवल विंग, तरुण गंगवार, रुपेश कुमार, बंटी सिंह, अरविंद वाल्मीकि, सिद्धार्थ प्रभाकर, अजय रत्नाकर पार्षद, विकास महर्षि, विक्रम सिंह, अनिल नायर, सत्यम सक्सेना, अमित वर्मा उपस्थित रहे।

अमृत विचार
झुमका बाजार

सोलर रूफटॉप लगवाएं
आकर्षक अनुदान एवं बिजली बिल में राहत पाएं
पीएम सूर्य घर : मुफ़्त बिजली योजना
Motor Centre, Civil Lines, Bareilly
Mob: 9760046556, 8126129620

DURGA CAR & PROPERTY
Sale & Purchase of Cars & Property
(on Commission Basis)
C-666, K.K. HOSPITAL ROAD RAJENDRA NAGAR, BAREILLY
Mob.: 9412355555

# India's Top Most Brand
HPM
Portable Power Solutions
Range (1-10 KVA)
Auth. Dealer
Agarwal Associates
8-Nagar Nigam Market, Near U.P. Handloom, Bareilly-U.P.
Contact - 8881028942, 9219556688

LG
TRUSTED BY INDIA FOR GENERATIONS
VISION ENTERPRISES
106/5, Civil Lines, Opp. Sainik Petrol Pump Bareilly. Ph.: 9219445569

KRN ENTERPRISES
Wholesale पी.ओ.पी. जिपसम, For Ceiling GI Channel
चैनल, जिपसम बोर्ड, पी.वी.सी. शीट एण्ड हार्डवेयर के विक्रेता
Sarvan 6397634493 | Prop. Brij Mohan 8218654106
Delapeer, 100 Futa Road, Bareilly